सीमा सड़क संगठन का 64वाँ स्थापना दिवस

सीमा सड़क संगठन (Border Roads Organisation- BRO) ने 07 मई, 2023 को देश भर की सभी टुकड़ियों में अपना 64वाँ स्थापना दिवस मनाया।

प्रमुख बिंदु

- स्थापना दिवस के अवसर पर **BRO तकनीकी प्रशिक्षण परिसर और एक ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक का उद्घाटन किया गया।**
  - इन सुविधाओं से BRO कर्मियों के प्रशिक्षण मानकों में वृद्धि होगी और उन्हें विभिन्न चुनौतियों के लिये बेहतर तरीके से तैयार होने में मदद मिलेगी।
- इस अवसर पर **'डिजिटल इंडिया' पहल के भाग के रूप में विकसित BRO-केंद्रित सॉफ्टवेयर भी लॉन्च** किया गया।
  - इन सॉफ्टवेयरों को भर्ती प्रबंधन प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक मापन पुस्तक और कार्य प्रबंधन प्रणाली **को सुचारु एवं त्वरित आउटपुट तथा पारदर्शिता बढ़ाने व BRO के कामकाज़ के विभिन्न पहलुओं को स्वचालित करने हेतु विकसित किया गया है।**
- इसके अतिरिक्त स्वदेशी क्लास 70R डबल लेन मॉड्यूलर ब्रिज के निर्माण के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए। **ये** ब्रिज **सशस्त्र बलों की परिचालन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सहायक होंगे।**
  - क्लास 70R डबल लेन मॉड्यूलर ब्रिज प्री-इंजीनियर स्टील ब्रिज हैं जिसे दो लेन पर वाहनों के आवागमन के लिये अभिकल्पित किया गया है।
- इस कार्यक्रम में 10 अप्रैल, 2023 को शुरू हुए मल्टी-मॉडल अभियान **'एकता एवं श्रद्धांजलि अभियान'** को भी हरी झंडी दिखाई गई।

एकता एवं श्रद्धांजलि अभियान:

- इसे 64वें BRO दिवस समारोह के एक भाग के रूप में **राष्ट्र निर्माण में अपने कर्मयोगियों के बलिदान और योगदान को याद करने के लिये लॉन्च किया गया।**
- सीमा सड़क के महानिदेशक ने मोटर साइकिल और कार रैली दलों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान दल में मोटर साइकिल और मोटर कार शामिल हैं।
- मोटर-साइकिल और चार-पहिया वाहन के साथ इस अभियान में विभिन्न सीमावर्ती राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों की टीमों द्वारा मृदा, नदियों/झीलों/जलाशयों के जल के नमूने एकत्र किये गए।
  - इस अभियान का मोटरसाइकिल चरण 14 अप्रैल, 2023 को **किबिथू, अरुणाचल प्रदेश से शुरू हुआ।**
- अठारह परियोजनाओं के **अभियान सदस्यों ने 108 दूरस्थ सीमावर्ती स्थानों से मृदा, जल और पौधे एकत्र किये।** इन पौधों का रोपण सीमा सड़क संगठन की मातृ संस्था पुणे स्थित सीमा सड़क संगठन स्कूल और केंद्र में किया जाएगा।

सीमा सड़क संगठन:

- **परिचय:**
  - BRO की परिकल्पना और स्थापना **वर्ष 1960 में पंडित जवाहरलाल नेहरू** द्वारा देश के **उत्तर और उत्तर-पूर्वी सीमावर्ती क्षेत्रों** में सड़क निर्माण में तेज़ी से विकास के समन्वय के लिये की गई थी।
  - यह **रक्षा मंत्रालय** के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है।
  - इसने निर्माण एवं विकास कार्यों के स्तर में व्यापक विविधता ला दी है, जिसमें **हवाई क्षेत्र, निर्माण परियोजनाएँ, रक्षा कार्य और सुरंग बनाना शामिल है** तथा जनता के प्रति काफी लोकप्रिय है।
- **अब तक की उपलब्धियाँ:**
  - BRO ने छह दशकों से अधिक समय में भारत की सीमाओं के साथ-साथ **भूटान, म्याँमार, अफगानिस्तान तथा ताजिकिस्तान सहित मित्र देशों** में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में **61,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों, 900 से अधिक पुलों**, चार सुरंगों एवं 19 हवाई क्षेत्रों का निर्माण किया है।
  - BRO ने वर्ष 2022-23 में 103 बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को पूरा किया, जो संगठन द्वारा एक वर्ष में किये गए सबसे अधिक कार्य हैं।
    - इनमें पूर्वी लद्दाख में **श्योक ब्रिज का निर्माण और अरुणाचल प्रदेश में अलॉन्ग-यिकिओनग रोड पर लोड क्लास 70 का**

स्टील आर्क सयिोम ब्रजि शामलि है।

[स्रोत: पी.आई.बी.]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bro-celebrates-64th-raising-day